भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

वायु यातायात प्रबंधन निदेशालय
राजीव गांधी भवन, नई दिल्ली-110003

जीआईएस परिपत्र क्र. 2024 का 02

वैमानिकी सर्वेक्षण एवं मानचित्रण कार्य के लिए शुल्क

1) परिचय:

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अंतर्गत एक प्रमुख संगठन है, जो भारत में नागरिक उड्डयन अवसंरचना के निर्माण, उन्नयन, रखरखाव और प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के पास एटीएम निदेशालय के अंतर्गत आंतरिक सर्वेक्षण एवं मानचित्रण अनुभाग है। यह अनुभाग हवाईअड्डा सर्वेक्षण करने तथा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा प्रबंधित सभी हवाईअड्डों के वैमानिकी मानचित्र एवं चार्टिंग कार्य तैयार करने के लिए जिम्मेदार है।

2) कार्यक्षेत्र:

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण संयुक्त उद्यम हवाईअड्डों, राज्य सरकार के अधीन हवाईअड्डों, निजी हवाईअड्डों, रक्षा हवाईअड्डों आदि को सर्वेक्षण एवं मानचित्रण सेवा प्रदान करता है, जब संबंधित हवाईअड्डा संचालक द्वारा भुगतान के आधार पर अनुरोध किया जाता है।

3) वैमानिकी सर्वेक्षण एवं मानचित्रण कार्य के लिए शुल्क

सक्षम प्राधिकारी ने वैमानिकी सर्वेक्षण एवं मानचित्रण कार्य के लिए संबंधित हवाईअड्डा संचालक द्वारा, नीचे संलग्न हवाईअड्डे की श्रेणी के अनुसार, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को देय निम्नलिखित शुल्कों को मंजूरी दी है: -

क्र. सं.	**हवाई अड्डा श्रेणी**	**कुल शुल्क* (जीएसटी को छोड़कर**) भारतीय रुपए में**
1.	हेलीपोर्ट/हेलीपैड	33.25 लाख
2.	एकल रनवे हवाई अड्डा (गैर-मेट्रो/ अन्य)	41.09 लाख
3.	एकल रनवे हवाई अड्डा (मेट्रो/ राज्य की राजधानी)	45.62 लाख
4.	दो या दो से अधिक रनवे हवाई अड्डा	71.87 लाख
5.	सर्वेक्षण शुल्क की जांच करे	20,57,000 + 1,21,000 x दिनों की संख्या
*लागू शुल्क का पूरा भुगतान भाविप्रा को अग्रिम रूप से करना होगा ।		
** जीएसटी प्रचलित दरों के अनुसार लागू होगा ।		

4) वैधता: -

यह जीआईएस परिपत्र 01/04/2024 से 31/03/2027 तक लागू रहेगा ।

5) प्रश्न: -

इस जीआईएस परिपत्र की विषय-वस्तु के संबंध में कोई भी प्रश्न या आगे मार्गदर्शन के लिए निम्नलिखित पते पर संपर्क करें:

महाप्रबंधक (एटीएम-सर्वेक्षण एवं मानचित्रकारी)
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण,
चौथी मंजिल, कोर-6, स्कोप कॉम्प्लेक्स,
जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम मार्ग
प्रगति विहार, नई दिल्ली-110003
ईमेल: gmatmsurvey@aai.aeo
दूरभाष-011-24632950 विस्तार:3202

विकास भल्ला
कार्यपालक निदेशक (एटीएम-एटीएफएम)
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण